# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 19.7.26 | 5 | 7-8 |

## 17 विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित संस्थानों में चयन



एचएयू के चयनित विद्यार्थियों के साथ कुलपति प्रो. बीआर कांबोज। स्रोत : विवि

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के 17 विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित संस्थानों में हुआ है। हरियाणा राज्य आजीविका मिशन ने अक्षय कुमार, मेघा चौधरी, निधि सांगवान, राहुल मलिक, रिया, साहिल और सहूद खान का यंग प्रोफेशनल पद पर चयन किया है। इन्हें 35 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। जगजीत ग्रुप ने पांच विद्यार्थियों, बेरी उद्योग ने नवीन और अजय, टैफे कंपनी ने हर्ष रघुवंशी व प्रतीक तिवारी तथा एस्कॉर्ट्स कुबोटा ने गरिमा का चयन किया है। सह-निदेशक छात्र कल्याण सुबोध अग्रवाल ने बताया कि पिछले सत्र में 53 विद्यार्थियों का चयन हुआ था। ब्यूरो

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 19. 7.26 | 3 | 8 |

## एचएयू के 17 छात्रों का संस्थानों में चयन

हिसार | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अभियान में 17 विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित संस्थानों में चयन हुआ है। कुलपति बी.आर. काम्बोज ने चयन को विद्यार्थियों की मेहनत, प्रतिभा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम बताते हुए कहा कि विश्वविद्यालय अधिक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को परिसर में लाने के प्रयास तेज कर रहा है। छात्र कल्याण निदेशक मदन लाल खीचड़ के अनुसार सेल उद्योग के साथ समन्वय, प्रशिक्षण और करियर मार्गदर्शन के जरिए अवसर बढ़ाने में काम कर रहा है। सह-निदेशक सुबोध अग्रवाल ने बताया कि पिछले शैक्षणिक सत्र में 53 विद्यार्थियों का चयन हुआ था।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| समस्त हरियाणा | 18.07.2026 | ----- | ---- |

# हकृवि के 17 विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित संस्थानों में हुआ चयन



समस्त हरियाणा न्यूज

हिसार। (अभिनव शर्मा) चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने एक बार फिर प्लेसमेंट के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत संचालित काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के प्रयासों से हाल ही में आयोजित प्लेसमेंट अभियान में 17 विद्यार्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में चयन हुआ है। इसके अतिरिक्त महिंद्रा एंड महिंद्रा के साक्षात्कार सम्पन्न हो चुके हैं, जबकि इंडसइंड बैंक एवं हाइटेक ग्रुप की चयन प्रक्रिया जारी है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, प्रतिभा और विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने का आह्वान किया। प्रो. काम्बोज ने कहा कि विश्वविद्यालय अधिक से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को परिसर में आमंत्रित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित संस्थानों में रोजगार के अवसर मिल सकें। हरियाणा स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन ने विश्वविद्यालय के सात विद्यार्थियों का यंग प्रोफेशनल पद पर 35 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय पर चयन किया है। इन विद्यार्थियों में अक्षय कुमार, मेघा चौधरी, निधि सांगवान, राहुल मलिक, रिया, मल्लिका तथा साहुद खान शामिल हैं। वहीं जगजीत ग्रुप ने कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के विद्यार्थियों संजना, नम्रता त्रिवेदी, विशाल, दीक्षा एवं नितिन यादव का ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी पद पर चयन किया है। बेरी उद्योग द्वारा नवीन व अक्षय, टैफे द्वारा हर्ष रघुवंशी व प्रतीक तिवारी तथा एस्कॉर्ट्स कुबोटा द्वारा गरिमा का चयन किया गया है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन लाल खीचड़ ने बताया कि काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल शिक्षा और उद्योग जगत के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने, करियर मार्गदर्शन उपलब्ध कराने तथा रोजगार के अवसर बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सह-निदेशक छात्र कल्याण डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि पिछले शैक्षणिक सत्र में काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के प्रयासों से 53 विद्यार्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में चयन हुआ था। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश गोयल, कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अजय कुमार गर्ग, प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर डॉ. मुकेश जैन उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 19.7.26 | 10 | 3-8 |

उज्जवल भविष्य

यंग प्रोफेशनल से ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी तक का हुआ चयन

# एचएयू के 17 विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित संस्थानों में मिली नौकरी

हरिभूमि न्यूज »» हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट प्लेसमेंट रिकॉर्ड को कायम रखते हुए 17 विद्यार्थियों का देश के प्रतिष्ठित संस्थानों और कॉर्पोरेट कंपनियों में चयन कराया है। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत संचालित काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित हालिया प्लेसमेंट अभियान में विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर मिले हैं। महिंद्रा एंड महिंद्रा के साक्षात्कार पूरे हो चुके हैं, जबकि इंडसइंड बैंक और ट्राइडेंट ग्रुप की चयन प्रक्रिया अंतिम चरण में है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल विद्यार्थियों की मेहनत और प्रतिभा का परिणाम नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय में उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, व्यावहारिक प्रशिक्षण और उद्योगों से मजबूत समन्वय का भी प्रमाण है।

प्लेसमेंट अभियान के तहत हरियाणा स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन (एचएसआरएलएम) ने सात विद्यार्थियों अक्षय कुमार, मेघा चौधरी, निधि सांगवान, राहुल मलिक, रिया, साहिल और सहूद खान का यंग प्रोफेशनल पद पर 35 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय पर चयन किया है। जगजीत ग्रुप ने कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के संजना, नव्यता त्रिवेदी, विशाल, दीक्षा और नितिन यादव को ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के रूप में नियुक्त किया है। इसके अलावा बेरी उद्योग ने नवीन और अजय, टैफे ने हर्ष रघुवंशी एवं प्रतीक तिवारी तथा एस्कॉर्ट्स कुबोटा ने गरिमा का चयन किया है।



हिसार। चयनित विद्यार्थियों के साथ कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज। फोटो: हरिभूमि

## ये रहे मौजूद

इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश गोयल, कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अजय कुमार वशिष्ट तथा प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर डॉ. मुकेश जैन भी उपस्थित रहे।

## पिछले शैक्षणिक सत्र में 53 विद्यार्थियों का चयन हुआ था

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन लाल खीचड़ ने बताया कि काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल विद्यार्थियों को उद्योग जगत की जरूरतों के अनुरूप तैयार करने, कौशल विकास, करियर काउंसलिंग और रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। सह-निदेशक छात्र कल्याण डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि पिछले शैक्षणिक सत्र में भी सेल के प्रयासों से 53 विद्यार्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में चयन हुआ था।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 19.7.26 | 5 | 7-8 |

## हकृवि के 17 विद्यार्थियों का हुआ चयन



*कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ चयनित विद्यार्थी*

हिसार, 18 जुलाई (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने एक बार फिर प्लेसमेंट के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत संचालित काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के प्रयासों से हाल ही में आयोजित प्लेसमेंट अभियान में 17 विद्यार्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि विश्वविद्यालय अधिक से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को परिसर में आमंत्रित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित संस्थानों में रोजगार के अवसर मिल सकें।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 19.7.26 | 2 | 1-3 |

## 17 विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित संस्थानों में चयन

जासं • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने एक बार फिर प्लेसमेंट के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत संचालित काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के प्रयासों से हाल ही में आयोजित प्लेसमेंट अभियान में 17 विद्यार्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में चयन हुआ है। इसके अतिरिक्त महिंद्रा एंड महिंद्रा के साक्षात्कार सम्पन्न हो चुके हैं, जबकि इंडसइंड बैंक एवं ट्राइडेंट ग्रुप की चयन प्रक्रिया जारी है।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, प्रतिभा और विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने का आह्वान किया। इन विद्यार्थियों में अक्षय कुमार, मेघा चौधरी, निधि सांगवान, राहुल मलिक, रिया, साहिल तथा सहूद खान शामिल हैं। वहीं जगजीत ग्रुप ने कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के विद्यार्थियों संजना, नव्यता त्रिवेदी, विशाल, दीक्षा एवं नितिन यादव का ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी पद पर चयन किया है। बेरी उद्योग द्वारा नवीन व अजय, टैफे द्वारा हर्ष रघुवंशी व प्रतीक तिवारी तथा एस्कार्ट्स कुबोटा द्वारा गरिमा का चयन किया गया है। इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डा. मदन लाल खीचड़, सह-निदेशक छात्र कल्याण डा. सुबोध अग्रवाल, ओएसडी डा. अतुल ढींगड़ा, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. रमेश गोयल और प्लेसमेंट को-आर्डिनेटर डा. मुकेश जैन उपस्थित रहे।



कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ चयनित विद्यार्थी • पीआरओ

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 19.7.26 | 5 | 5-8 |

# हकृवि के 17 विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित संस्थानों में हुआ चयन




कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ चयनित विद्यार्थी।

हिसार, 18 जुलाई (विरेन्द्र वर्मा) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने एक बार फिर प्लेसमेंट के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत संचालित काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के प्रयासों से हाल ही में आयोजित प्लेसमेंट अभियान में 17 विद्यार्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में चयन हुआ है। इसके अतिरिक्त महिंद्रा एंड महिंद्रा के साक्षात्कार सम्पन्न हो चुके हैं, जबकि इंडसइंड बैंक एवं ट्राइडेंट ग्रुप की चयन प्रक्रिया जारी है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, प्रतिभा और विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने का आह्वान किया। प्रो. काम्बोज ने कहा कि विश्वविद्यालय अधिक से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को परिसर में आमंत्रित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित संस्थानों में रोजगार के अवसर मिल सकें। हरियाणा स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन ने विश्वविद्यालय के सात विद्यार्थियों का यंग प्रोफेशनल पद पर 35 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय पर चयन किया है। इन विद्यार्थियों में अक्षय कुमार, मेघा चौधरी, निधि सांगवान, राहुल मलिक, रिया, साहिल तथा सहूद खान शामिल हैं। वहीं जगजीत ग्रुप ने कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के विद्यार्थियों संजना, नव्यता त्रिवेदी, विशाल, दीक्षा एवं नितिन यादव का ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी पद पर चयन किया है। बेरी उद्योग द्वारा नवीन व अजय, टैफे द्वारा हर्ष रघुवंशी व प्रतीक तिवारी तथा एस्कॉर्ट्स कुबोटा द्वारा गरिमा का चयन किया गया है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन लाल खीचड़ ने बताया कि काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल शिक्षा और उद्योग जगत के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने, करियर मार्गदर्शन उपलब्ध कराने तथा रोजगार के अवसर बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सह-निदेशक छात्र कल्याण डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि पिछले शैक्षणिक सत्र में काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के प्रयासों से 53 विद्यार्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में चयन हुआ था। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश गोयल, कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अजय कुमार वशिष्ट, प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर डॉ. मुकेश जैन उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 18.07.2026 | ----- | ---- |


पंजाब केसरी
PunjabKesari.com
DELHI


संक्षिप्त समाचार

## हकृवि के 17 विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित संस्थानों में हुआ चयन



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ चयनित विद्यार्थी। (छाया : राज पराशर)

हिसार, राज पराशर (पंजाब केसरी) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने एक बार फिर प्लेसमेंट के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत संचालित काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के प्रयासों से हाल ही में आयोजित प्लेसमेंट अभियान में 17 विद्यार्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में चयन हुआ है। इसके अतिरिक्त महिंद्रा एंड महिंद्रा के साक्षात्कार सम्पन्न हो चुके हैं, जबकि इंडसइंड बैंक एवं ट्राइडेंट ग्रुप की चयन प्रक्रिया जारी है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, प्रतिभा और विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने का आह्वान किया। प्रो. काम्बोज ने कहा कि विश्वविद्यालय अधिक से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को परिसर में आमंत्रित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित संस्थानों में रोजगार के अवसर मिल सकें। छात्र कल्याण निदेशक डा. मदन लाल खीचड़ ने बताया कि काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल शिक्षा और उद्योग जगत के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने, करियर मार्गदर्शन उपलब्ध कराने तथा रोजगार के अवसर बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर ओएसडी डा. अतुल ढींगड़ा